# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- मध्योत्तर अंडमान के कुछ पंचायतों में सदस्यों की सीट के उप–चुनाव को देखते हुए कल और एक अक्तूबर को संबंधित क्षेत्रों में ड्राई–डे घोषित किया गया है।
- द्वीपसमूह से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद बिष्णु पद रे द्वारा थिंक टैंक का गठन किया जाएगा।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।
- खेलो इंडिया योजना के तहत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए दो नए खेलो इंडिया केन्द्रों को स्थापित करने की स्वीकृति मिली है।
- जहाजरानी विभाग चाथम और डंडस प्वाइंट के बीच अतिरिक्त जहाज फेरी सेवा संचालित करेगा।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत पर्णशाला में रामपुर–दो निर्वाचन क्षेत्र, रंगत ग्राम पंचायत में रंगत–दस और दशरथपुर ग्राम पंचायत में दशरथपुर–तीन में सदस्यों के लिए कल उप–चुनाव कराया जाएगा और एक अक्तूबर को मतगणना होगी। इस कारण कल और एक अक्तूबर को इन क्षेत्रों में ड्राई–डे घोषित किया गया है। सभी से इसका पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने और बैठकों के बाद एक ठोस मुद्दों को लेकर संबंधित मंत्रालयों से ऐसे मुद्दों को उठाने के लिए सांसद बिष्णु पद रे ने थिंक टैंक का गठन करने का प्रस्ताव किया है। समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर रोज़गार कौशल मुखी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, जहाजरानी और राजस्व से जुड़े लोगों को शामिल कर इनसे सुझाव और विचार आमंत्रित किया जाएगा। नागरिक, उड्डयन, कृषि, खेल, पर्यटन जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों से भी राय ली जाएगी। स्वेच्छा से जो लोग सांसद के इन प्रयासों में योगदान देना चाहते हैं, वे फोन संख्या नौ चार तीन चार दो छः एक पांच शून्य दो पर डायल कर जानकारी दे सकते हैं। डाक के माध्यम से भी लोग अपने विचार सांसद के ई–मेल आई डी पर या राजनिवास के निकट स्थित सांसद कार्यालय में भी दे सकते हैं।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शोल बे नम्बर उन्नीस में आज ग्राम पंचायत की ओर से चलाए गए अभियान में पचास से अधिक थैले कचरों के समुद्र तट से एकत्र किए गए। मौके पर ही इसे अलग–अलग किया गया, जिसे आगे प्रसंस्करण के लिए कालाटांग ठोस कचरा प्रबंधन क्लस्टर में भेजा जाएगा। इस अवसर पर शोल बे पंचायत प्रधान ए आर कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य की पीढ़ी और पर्यावरण को संरक्षित करने में समुदाय की अहम भूमिका है। अभियान में सत्तर से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। नेहरू युवा केन्द्र कमोर्टा

की ओर से ननकौड़ी, कमोर्टा और पिलपिलो यूथ क्लब के सहयोग से कई गतिविधियां चलाई जा रही है। स्वच्छता चौपाल का आयोजन कर लोगों को साफ–सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजभाषा के नोडल अधिकारियों और इससे सम्बद्ध कर्मचारियों के लिए आयोजित कार्यशाला में राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने सभी से अनुरोध किया कि वे सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें। इस वर्ष हम हिन्दी दिवस की हीरक जयंती मना रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमें कार्यालयों में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग कर शत–प्रतिशत सरकारी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए। राजभाषा के उप–सचिव राजेन्द्र इंदवार ने हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए सभी से अनुरोध किया।

इस बीच, नेहरू युवा केन्द्र श्री विजयपुरम की ओर से आज एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभाषा उप–सचिव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में सरकारी कार्यों में हिन्दी के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी अजय सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से हिन्दी के नियमों और अधिनियमों के बारे में बताया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पत्र, निबंध और कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया योजना के तहत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए दो नए खेलो इंडिया केन्द्रों को स्थापित करने की स्वीकृति मिली है। खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सैंतालीसवें विभागीय परियोजना स्वीकृत समिति की हाल ही में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया, जो दो नए खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, उनमें एक आई आर बी एन पोर्ट मोट में बॉक्सिंग के लिए और दूसरा पुलिस लाईन में सशस्त्र पुलिस इकाई में कयाकिंग के लिए होगी। इन केन्द्रों के खुल जाने से देश में अंडमान निकोबार पुलिस पहली ऐसी पुलिस होगी, जिनके परिसर में खेलो इंडिया केन्द्र खुलेंगे। इन केन्द्रों में पूर्व एथलिटों द्वारा आम जनता को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से अंडमान निकोबार पुलिस को प्रशिक्षण के लिए अनुदान भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत गैर सरकारी संगठन विद यू की ओर से हाल ही में विम्बर्लीगंज के लम्बा पहाड़ सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गैर सरकारी संगठन विद यू और समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विद यू की अध्यक्षा वी के मरियम बीबी ने आई सी डी एस परियोजना फरारगंज के तहत चालीस कुपोषित बच्चों को पौष्टिक किट का वितरण किया।

उधर, टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत आज सामुदायिक हॉल दिलानीपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी और वार्ड पार्षद अमर देवी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में तपेदिक की जांच की गई। समाज सेवक आर के राज ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में वाणिज्यिक परिसरों में बाल श्रम का पता लगाने और उनके बचाव तथा पुनर्वास के लिए अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त मुख्यालय आशीष जून के नेतृत्व में मायाबंदर तहसील के विभिन्न वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। एक सौ बत्तीस के करीब ऐसे परिसरों का निरीक्षण हुआ, जहां एक भी बाल श्रम का मामला सामने नहीं आया। टीम के सदस्यों ने कारोबारियों और कर्मचारियों के बीच बाल श्रम कानूनों के बारे में जागरूकता उत्पन्न की।

<><><><><><>

डंडस प्वाइंट और आस–पास के लोगों की सुविधा के लिए जहाजरानी विभाग चाथम और डंडस प्वाइंट के बीच अतिरिक्त जहाज फेरी सेवा संचालित करेगा। ये सेवा वर्तमान सेवा से अलग होगी। अतिरिक्त वाहन फेरी चाथम से छः बजकर पन्द्रह मिनट पर, सात बजकर पन्द्रह मिनट पर, सुबह साढ़े आठ बजे, दो बजकर पन्द्रह मिनट पर, पांच बजकर चालीस मिनट पर और शाम सात बजे उपलब्ध रहेगी। वापसी में डंडस प्वाइंट से छः बजकर पैंतालीस मिनट पर, आठ और नौ बजे, दिन में दो पैतालीस, शाम पांच पन्द्रह, साढ़े छः और रात्रि साढ़े सात बजे उपलब्ध रहेगी। सुबह छः बजकर पन्द्रह मिनट पर चाथम से और छः बजकर पैंतालीस मिनट पर डंडस प्वाइंट से ये सेवा रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में उपलब्ध नहीं रहेगी। इसी प्रकार दो बजकर पन्द्रह मिनट पर और शाम सात बजे भी ये सेवा रविवार और अवकाश के दिनों में स्थगित रहेगी। नई सारणी तीस सितम्बर से आरंभ होगी।

<><><><><><>

अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना की टीम ने लम्बा लाईन के एक होटल के पास पार्किंग क्षेत्र में छापा मारकर अलिप गोलदार नामक एक व्यक्ति के पास से तीन किलो सात सौ अस्सी ग्राम गांजा बरामद किया। थाना प्रभारी गिरीश कुमार के नेतृत्व में ये गिरफ्तारी हुई।

उधर, डिगलीपुर पुलिस के थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डिगलीपुर के सुभाषग्राम क्षेत्र में छापा मारकर एक किलो एक सौ तीस ग्राम गांजा बरामद किया और रवि मजूमदार नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे ये गांजा उसके बेटे सूरज मजूमदार से प्राप्त हुआ है। पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर सूरज मजूमदार को भी एक किलो अस्सी ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

<><><><><><><>